सरिपुतनगर रैंप से सीप्ज तक मेट्रो की खुदाई का काम पूरा

574 मीटर की खुदाई में लगे 126 दिन

■ **वसं, मुंबई :** मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने सरिपुतनगर रैंप से सीप्ज स्टेशन तक मेट्रो की खुदाई का काम पूरा कर लिया है। सरिपुतनगर रैंप से टनेल बोरिंग मशीन वैनगंगा-3 ने 9 अप्रैल से मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो की खुदाई का काम शुरू किया था।

अत्याधुनिक टीबीएम मशीन की सहायता से एमएमआरसी को 126 दिनों में मेट्रो 3 के 574 मीटर लंबे भूमिगत मार्ग को तैयार करने में सफलता मिली है। मेट्रो 3 के पैकेज 7 के अंतर्गत यह मार्ग आता है। पैकेज 7 के तहत कुल 7.079 किलोमीटर लंबा मेट्रो मार्ग तैयार होना है। इसमें से अब तक कुल 5.87 किलोमीटर तक खुदाई का काम पूरा कर लिया गया है। एमएमआरसी ने अब तक कुल 17 स्टेशनों के करीब भूमिगत मार्ग के लिए खुदाई का काम पूरा कर लिया है। मुंबईकरों को ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए कोलाबा, बांद्रा और सीप्ज के बीच मेट्रो 3 का निर्माण किया जा रहा है। मेट्रो का काम वर्ष 2021 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 27 स्टेशनों वाले मेट्रो 3 कॉरिडोर में 26 स्टेशन भूमिगत होंगे।